हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 24 जून 2024

04 कलेक्टर ने स्वयं अपनी बेटी को बूथ पर ले जाकर...



07 बदला मौसम का मिजाजः बारिश हुई लोगों को ...





## खबर संक्षेप

### जिपं की सामान्य सभा की बैठक 27 जून को

**सीहोर।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में 27 जून को दोपहर 3 बजे आयोजित की गई है।

### 25 जून तक समर्थन मूल्य पर खरीदी

**सीहोर।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 20 मार्च से 7 मई तक होनी थी, लेकिन अच्छे भाव मिलने के कारण किसानों का रूख मंडी की तरह ज्यादा रहा। समर्थन का सरकारी भाव 2400 प्रति क्विंटल, जबकि मंडी में 2450 से 2600 रुपए मिल रहा है। इसका सीधा असर समर्थन के लक्ष्य पर पड़ रहा है। इस बार 6 लाख 40 हजार टन खरीदी का लक्ष्य है, लेकिन 5 लाख 6 हजार 34 टन ही खरीद हो सकी है। इसके लिए सरकार ने फिर खरीदी की तिथि बढ़ा दी। अब 25 जून तक किसान समर्थन पर खरीदी कर सकेंगे। पहले 7 मई अंतिम तिथि थी, जिसे 20 मई कर दिया। इसके बाद 31 मई कर दिया था। जबकि 27 मई को 147 केंद्रों को बंद कर दिया गया। 93 खरीदी केंद्र चालू, लेकिन बचेंगे सिर्फ 5 से 10 इस बार कुल खरीदी केंद्र 240 बनाए गए थे। 27 मई के बाद जिले में 93 खरीदी केंद्र चालू थे।

### ऑनलाइन गेमिंग में हारा था डेढ़ लाख रुपए, एसपी ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी

# फर्जी लूट का पर्दाफाशः फरियादी ने ही रची थी दिनदहाड़े लूट की कहानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



गत 18 जून को आमला-नलखेड़ा मार्ग पर हुई एक लाख चालीस हजार रुपए की लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा किया है। जिसमें फरियादी ने ऑनलाइन गेमिंग में डेढ़ लाख रुपए हार जाने के बाद फर्जी लूट की कहानी बनाई थी। जिसे फरियादी द्वारा कबूल किया गया है। रविवार को स्थानीय पुलिस थाने पर एसपी द्वारा प्रेसवार्ता कर मात्र 5 दिनों में फर्जी लूट के मामले का खुलासा किया गया।

रविवार को स्थानीय पुलिस थाने पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, एसडीओपी देवनारायण यादव, थाना प्रभारी शशि उपाध्याय द्वारा प्रेस वार्ता में बताया कि श्यामसिंह पिता पुरसिंह सौंधिया, निवासी डोकरखेड़ी, थाना गंगधार ने बताया था कि 18 जून को जब वह नलखेड़ा बैंक में टोल का कैश जमा कराने जा रहा था, तब रास्ते में चार अज्ञात लोगों ने उसे रोककर चाकू मार दिया और एक लाख चालीस हजार रुपए लूटकर भाग गए। उक्त रिपोर्ट पर थाना नलखेड़ा पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

पुलिस ने इस मामले की गहन जांच शुरू की। घटना स्थल से लगभग 35 से 40 किलोमीटर क्षेत्र के सभी रास्ते के सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज चेक किए। श्यामसिंह के मोबाइल फोन की लोकेशन और फरियादी के पैतृक गांव में टीम द्वारा कैंप कर जानकारी जुटाई तथा टोल पर लूट की राशि के संबंध में जानकारी व रिकॉर्ड चेक किया गया। अन्य साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया। जांच के दौरान पुलिस को श्यामसिंह के बयानों में कई विसंगतियां मिलीं। अंततः कड़ाई से पूछताछ करने पर श्यामसिंह ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह ऑनलाइन गेमिंग में 150000 रुपए हार गया था। डर के मारे उसने लूट की झूठी कहानी रचकर एफआईआर दर्ज करवा दी।

पुलिस ने श्यामसिंह के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना से पुलिस की सतर्कता और जांच कौशल का प्रमाण मिलता है। पुलिस ने साबित कर दिया है कि कोई भी अपराधी कानून से बच नहीं सकता। मामले का खुलासा करने में सराहनीय कार्य एसडीओपी सुसनेर देवनारायण यादव,थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, उनि.नानूराम बघेल,उनि आरएस यादव, प्र.आर. प्रवीण यादव, प्र.आर.राकेश दंडोतिया, आर. मेहरबान सिंह दांगी, संजय दांगी, रामप्रसाद दांगी, तूफान, मुकेश, योगेंद्र सिसोदिया, पवन जवरिया,साइबर सेल प्र.आर. सुब्रत शर्मा,प्र.आर.वीरेंद्र राठौर की भूमिका रही।

## नलखेड़ा में नहीं हुआ पुस्तक मेले का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मप्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नलखेड़ा विकासखंड में 22 से 24 जून तक पुस्तक मेला का आयोजन किया जाना था, लेकिन नलखेड़ा में तय तारीख में मेले का आयोजन नहीं हुआ।

शिक्षा विभाग द्वारा स्थानीय सीएम राइज स्कूल में 22 से 24 जून तक पुस्तक मेले का आयोजन किया जाना था। जिसमें पुस्तक एवं यूनिफार्म,टाई, बेल्ट आदि के विक्रेताओं को स्टॉल लगाने थे। जहां निर्धारित शुल्क पर पुस्तकों का विक्रय करने के साथ ही विद्यालयों की चयनित यूनिफार्म टाई बेल्ट उचित मूल्य पर विक्रय किए जाने थे। लेकिन नलखेड़ा में इस प्रकार का कोई पुस्तक मेला नहीं लग पाया। इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश त्रिवेदी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि 22 जून को दिनभर विक्रेताओं का इंतजार किया गया, उन्हें फोन लगाकर मेले में स्टॉल लगाने का आग्रह किया गया, लेकिन व्यस्तताओं के चलते कोई भी विक्रेता नहीं पहुंचा।

इस प्रकार के पुस्तक मेले लगाने का शासन का उद्देश्य अभिभावकों को निर्धारित शुल्क पर पुस्तकों को साथ ही विद्यालयों की चयनित यूनिफार्म टाई बेल्ट उचित मूल्य पर मिल सके था। लेकिन स्थानीय शिक्षा विभाग शासन के निर्देश पर इस प्रकार का मेला लगाने में असफल रहा।

## हैदराबाद की भाजपा नेत्री माधवी लता पहुंचीं बगलामुखी माता के दरबार



**नलखेड़ा।** हैदराबाद से बीजेपी नेत्री माधवी लता मां बगलामुखी मंदिर पहुंची जहां उनके द्वारा दर्शन-पूजन कर मंदिर परिसर में करीब घंटे से अधिक समय तक विशेष हवन अनुष्ठान किया गया। हैदराबाद संसदीय सीट से भाजपा की सांसद प्रत्याक्षी रहीं माधवी लता रविवार दोपहर को नगर में स्थित मां बगलामुखी मंदिर पहुंचीं, जहां उनके द्वारा माता के गर्भगृह में बैठकर पूजन किया। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी गोपालदास पंडा द्वारा उनको माता की चुनर ओढ़ाकर आशीर्वाद प्रदान किया। इसके बाद माधवी लता माता मंदिर के समीप बनी यज्ञशाला पहुंचीं जहां सात पंडितों द्वारा विशेष हवन-अनुष्ठान संपन्न करवाया गया।

पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि मेरी शक्ति और हिम्मत और बढ़ गई है। इस देश में ऐसे लोग भी हैं जो गलत जीत का त्योहार मना रहे हैं। वहीं नीट परीक्षा गड़बड़ी को लेकर माधवी लता ने कहा कि कांग्रेस के समय भी ऐसा कई बार हुआ है, तब उन्होंने अपना दायित्व नहीं लेते हुए इसके कई कारण समझाए। सरकार इसकी सही प्रकार से जांच पड़ताल करवा कर सही न्याय दिलवाएंगे इसका हमे पूर्ण विश्वास है।

### अनुपस्थित अभ्यर्थियों के अभिलेख परीक्षण और शारीरिक माप 26 जून से 28 जून तक होंगे

**सीहोर।** मप्र कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा वन विभाग के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों में वनरक्षक, क्षेत्ररक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिये लिखित परीक्षा ली गई थी। इसके परिणाम 14 मार्च को जारी कर दिये गये थे। उल्लेखनीय है कि वन विभाग के वनरक्षक एवं वन विकास निगम के क्षेत्ररक्षक का अभिलेख परीक्षण, शारीरिक माप एवं पैदल चाल की कार्रवाई वन विभाग द्वारा 24 मई से 27 मई के मध्य कराई गई थी। इसमें अधिक गर्मी के कारण कार्रवाई स्थगित की गई थी। साथ ही लोकसभा चुनाव में ड्यूटी होने के कारण अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हो सके थे। ऐसे अनुपस्थित एवं 5 जिलों के शेष संविदा अभ्यर्थियों के लिये शारीरिक माप परीक्षा अब 26 से 28 जून तक संबंधित जिला वन मंडलों में आयोजित की जाएगी।

## कलेक्टर ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिले में तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा रविवार को मांगलिक भवन छावनी आगर के पोलियो बूथ पर जन्म से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश गुप्ता, जिला कोल्ड चैन मैनेजर अविनाश गहलोत, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हरीश आर्य आदि उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि 23 से 25 जून के मध्य आयोजित पल्स पोलियो अभियान में जिले के लक्षित सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अनिवार्य रूप से पिलाई जाए। कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित नहीं रहे। कलेक्टर ने इस अवसर पर जन्म से पांच वर्ष के बच्चों के पालकों से अपील की गई कि अपने बच्चों को पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की दवा जरूर पिलाएं।

## श्रीराम कथा में पहुंचे श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना



**सीहोर।** भगवान श्रीराम ने अपने कुल की मर्यादा को ध्यान में रखकर व अपने पिता के वचन की रक्षा के लिए सारा राजपाठ त्यागकर वन में चले गए। भगवान श्रीराम त्याग और समर्पण का मार्ग बताया। उक्त विचार शहर के जगदीश मंदिर में जारी सात दिवसीय श्रीराम कथा के दौरान कथा व्यास पंडित राहुल कृष्ण आचार्य ने व्यक्त किए।

उन्होंने भगवान श्रीराम के वनवास का प्रसंग विस्तार से बताया कि जब श्रीराम के राजतिलक की घोषणा पूरे अयोध्या में फैल गई तो देवताओं ने मां सरस्वती से प्रार्थना की कि अगर श्री राम को तिलक हो गया तो राक्षसों का विनाश नहीं होगा। इसके बाद राम राजा नहीं बने और उन्हें वनवास के लिए जाना पड़ा। वनवास जाने से पहले कौशल्या ने कहा कि मेरा क्या होगा मैं तेरे बिन कैसे जिऊंगी। इस पर भगवान राम ने कहा- मैं पुरुषोत्तम हूं और माता-पिता की आज्ञा का पालन करना मेरा धर्म है। आप ङ्कषचता न करें मैं वन के लिए जा रहा हूं और माता-पिता की आज्ञा का पालन करना मेरा धर्म है। राम माता से आज्ञा लेकर चल दिए। आगे चलकर लक्ष्मण मिले लक्ष्मण ने कहा कि आप कहां जा रहे हैं तब श्री राम ने कहा कि मुझे माता पिता ने वनवास दिया है और मैं बन के लिए जा रहा हूं। लक्ष्मण ने कहा मैं भी आपके साथ चलूंगा। राम ने कहा वनवास मेरे लिए है। तुम्हारे लिए नहीं, लक्ष्मण ने कहा कि आप मुझे नहीं ले जाएंगे तो मैं यहां पर मर जाऊंगा। आपके बिना में जीवित नहीं रहूंगा। लक्ष्मण को लेकर श्रीराम चले फिर सीता जी भी वहां पर आ गई सीताजी ने भी कहा मैं आपके बिना इस अयोध्या में नहीं रहूंगी। इसके बाद तीनों वनवास के लिए चले गए।

### आधार कार्ड 30 जून तक होंगे अपडेट

**सीहोर।** 10 वर्ष या इसके पहले का आधार बनवाया है और परिवर्तित पते अथवा अन्य जानकारी में अपडेट नहीं किया हो तो ऐसे सभी आधार धारकों को व्यक्तिगत नवीनतम विवरण को आधार डेटा में अपडेट कराने का आग्रह है। इस संबंध में आधार धारकों को सुविधा प्रदान करने के लिए यूआईडीएआई ने अपडेट डॉक्यूमेंट की एक नई सुविधा विकसित की है। इस सुविधा को माय आधार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन एक्सेस किया जा सकता है। नई सुविधा आधार धारकों को उनके आधार में व्यक्तिगत पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण दस्तावेजों को अपडेट करने की अनुमति देती है।

## चोरों पर शिकंजा, पकड़े गए बदमाश तीन चोरियों की शिकायत मिली थी



**भैरुंदा।** सीहोर की भैरूंदा पुलिस ने चौकी लाडकुई क्षेत्र में हुई तीन चोरियों का शनिवार सुबह खुलासा कर दिया है। तीनों घटनाओं में चोरी गया सामान भी जब्त कर एक बाल अपचारी सहित 2 आरोपी हिरासत में लिया गया है। जानकारी के अनुसार 20 जून को रामदीन ने पुलिस में रिपोर्ट की थी कि कोई अज्ञात चोर 17 जून को रात के समय सिघपुर में दुकान का ताला तोड़कर किराने का सामान चोरी कर ले गया है। इसी तरह अंसार खान ने कुंआ सिंहपुर से एक हॉर्स पावर जलपरी मोटर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। एक अन्य मामले में मुकेश प्रजापति के पान की दुकान सरकारी अस्पताल के सामने लाडकुई से 14 जून की रात को दुकान में घुसकर कोई अज्ञात चोर पान गुटखा व अन्य सामान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जो तीनों घटनाओं में मामला दर्ज कर चोरी की तलाश की जाकर थी। इसी दौरान पुलिस को मिली सूचना के आधार पर एक नाबालिग सहित 2 संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी। जिनके द्वारा तीनों घटनाओं में चोरी गया सामान चुराना बताया गया। आरोपी मिथुन बरेला एवं एक बालअपचारी के बताए अनुसार चोरी के सामान को बरामद किया गया है। आरोपी मिथुन बरेला निवासी सिंहपुर को गिरफ्तार किया वहीं बाल अपचारी के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई।

उल्लेखनीय है, पुलिस ने चोरों से सिगरेट के बंडल, 2 64 GB की पेन ड्राइव, कार्ड रीडर, नगद 1100 रूपए, तेल के पैकेट, बर्तन साबुन के बंडल व अन्य किराना सामान, एक हॉर्स पावर की जल परी सार्प कंपनी की मोटर आदि सामान कीमती 75 हजार का जब्त किया है।

### पांच लाख की लागत से बनाई जाने वाली रोड का भूमिपूजन

# शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सभी कीः नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित किए जाने का जो संकल्प वर्तमान नगर पालिका ने लिया है उसको मूर्त रूप देते हुए शहर में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किए जा रहे है। शहर में बारिश से पहले सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। जिससे जर्जर सड़कों से क्षेत्रवासियों को मुक्ति मिले। शुक्रवार को शहर के वार्ड क्रमांक 13 के अंतर्गत आने वाले साई बाबा मंदिर के पास से छोटी ग्वालटोली तक बनाई जाने वाली सीसी रोड के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कन्या से कराया। उक्त मार्ग काफी खस्ताहाल था, यहां पर सीसी रोड का निर्माण कार्य पूरा होने पर समस्या का समाधान हो सकेगा। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 13 के अंतर्गत सीसी रोड के निर्माण कार्य का भूमिपूजन करने पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर पालिका के द्वारा शहर को सुंदर और स्वच्छ रखना बहुत जरूरी है।

बारिश से पहले शहर की सड़कों और नालियों का कार्य तेजी से जारी है। सीसी रोड का निर्माण कार्य पांच लाख की लागत से किया जाएगा। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि सविता अर्जुन राठौर, प्रदीप बिजोरिया, भाजपा नेता मान सिंह पवार, निलेश राठौर के अलावा अन्य पार्षद और क्षेत्रवासी मौजूद थे।

## भैरुंदा थाना प्रभारी सहित पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान




**भैरूंदा।** थाना प्रभारी घनश्याम दांगी सहित पुलिस नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया है। इसमें वह लोगों से बातचीत कर उन्हें नशे से होने वाले दुष्प्रभाव को बताते हुए नशे की लत से दूर रहने की अपील कर रही है। भैरूंदा पुलिस नगर के मुख्य मार्ग सब्जी बाजार में पहुंचे। यहां परथाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने लोगों से मिलकर नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। साथ ही नशामुक्त जीवन बिताते से शरीर के स्वस्थ रहने की बात कही। वर्तमान में नशीली दवाएं, मादक पदार्थ नशे के लिए उपयोग किए जा रहे हैं। ऐसे में पुलिस कर्मियों ने उनके प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने लोगों को बताया कि इससे बेहद खतरनाक बीमारियां होती हैं। इनके सेवन से इंसान की मौत होने का डर भी बना रहता है। उन्होंने सामाजिक के लोगों से आगे आकर नशे के बारे में लोगों को जागरूक करने की भी अपील की। इस दौरान थाना प्रभारी घनश्याम दांगी,सहायक उप निरी पूजा राजपूत, संतोष सूर्यवशी सहित पुलिस कर्मी एवं लोग उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## स्वयं, समाज के लिए योग थीम पर आयोजन




**देवास।** श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 10 वा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मनीष पारिख, विशेष अतिथि संग्राम सिंह साठे, आनंद दुबे, संकेत राय थे। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस वॉलंटियर्स ने विभिन्न अतिथियों के साथ योग के विभिन्न आसन एवं सूर्य नमस्कार किए गए। वक्ता कैप्टन संजय बरोनिया एनसीसी अधिकारी नवीन साइंस कॉलेज देवास ने कहा कि मानसिक स्वास्थ एवं शरीर को स्वस्थ रखने में योग की बहुत अहम भूमिका होती है। आयोजित हुए कार्यक्रम की अधक्षता प्राचार्य डॉ रतन सिंह अनारे ने की । इस अवसर पर महाविद्यालय की जनभागीदारी के सदस्यों के साथ डॉ एस पी एस राणा,डॉ आर के मराठा,डॉ बी एस जाधव,डॉ दीप्ति धवले,डॉ सीमा सोनी,डॉ लता धुपकारिया, डॉ रश्मि ठाकुर,डॉ मनोज सोनगरा, नीरज जैन, डॉ श्याम सुंदर चौधरी,डॉ सचिन दास,डॉ टीना धारीवाल इत्यादि के साथ एन सी सी कैडेट्स, एनएसएस के स्वयंसेवकों ने योग कर अपनी सहभागिता की। युवा पर्यटन क्लब प्रभारी और इको क्लब प्रभारी प्रो जितेंद्र सिंह राजपूत द्वारा सभी को टी शर्ट और कैप्स दी जो पर्यटन मंत्रालय द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी। मंच संचालन एन सी सी अधिकारी के पी कॉलेज डॉ संजय गाडगे ने किया और आभार रा से यो अधिकारी ने माना। उक्त आयोजन में विशेष सहयोग युवा पर्यटन क्लब प्रभारी प्रो राजपूत का रहा।

### जिला व ब्लॉक स्तर पर पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ

# कलेक्टर ने स्वयं अपनी बेटी को बूथ पर ले जाकर पिलाई पोलियो की दवा

जिला मुख्यालय सहित तहसील, ग्रामीण क्षेत्रों में भी हुई अभियान की शुरूआत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

जिले में जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर जनप्रतिनिधियों ने बच्चो को पोलियो की दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया। जनप्रतिनिधियों ने पोलियो बूथ पर पहुँचकर नन्हे बच्चो को दो बून्द पोलियो की दवा पिलाई। जिला चिकित्सालय देवास में सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी, महापौर गीता अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, दुर्गेश अग्रवाल, राजेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिवेन्द्र मिश्रा ,जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.सुनील तिवारी, डॉ.एस.के खरे, ने बच्चो को पोलियो की दवा पिलाई। शुभारम्भ अवसर पर सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी ने कहा कि पोलियो से कोई भी बच्चा ग्रसित नही होगा, आने वाले समय मे कोई भी व्यक्ति पोलियो की बीमारी वाला नही होगा। इस अभियान में सभी की सहभागिता आवश्यक है, इसलिये सभी 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो बूथ पर लाकर बच्चो को पोलियो की दवा पिलवाये।तीन दिवसीय अभियान में शतप्रतिशत बच्चो को पोलियो की दो बून्द दवा अवश्य पिलाये।

कलेक्टर गुप्ता स्वंय अपनी बेटी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और पोलियो की दवा पिलवाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि पल्स पोलियो अभियान के दौरान 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहे। इस कार्य में आमजन भी सक्रिय रूप से सहयोग करें। उन्होंने अभिभावको से बच्चो को पोलियो कि दवा पिलाने की अपील भी की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.शिवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि अभियान के दौरान प्रथम दिवस बूथ पर बच्चों को दवा पिलाई गयी। 23 जून 2024 प्रथम दिवस शाम 4 बजे तक 1 लाख 22 हजार 241 बच्चो को पोलियो कि दवा पिलाई गयी। अब द्वितीय तथा तृतीय दिवस दवा पीने से वंचित रहे बच्चों को घर -घर जाकर पोलियो टीम द्वारा दवा पिलाई जावेगी । इसी प्रकार ब्लॉक स्तर पर जनप्रतिनिधियो द्वारा पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया गया। सा.स्वा.केन्द्र बागली में विधायक बागली मुरली भंवरा, टोंकखुर्द सी.एच.सी. में विधायक सोनकच्छ डॉ.राजेश सोनकर , सी.एच.सी. कन्नौद में विधायक खातेगांव आशीष शर्मा, सोनकच्छ में विष्णु देवडा मुख्य नगर पालिका अधिकारी , बरोठा सी.एच.सी. में बंटी नागर सरपंच, खातेगांव सीएचसी राजेश पर्ते स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष मनोज बैरागी विधायक प्रतिनिधि द्वारा अभियान का शुभारम्भ किया गया।



### बूथ स्तर पर व आंगनबाड़ी केंद्रों में पिलाई पोलियों की दवाई

जिले में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ 23 जून रविवार को हुआ। जिले में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। बूथ स्तर पर, आंगनबाड़ी केंद्रों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों को सुसज्जित किया गया था। अभियान के तहत देवास में वार्ड क्रमांक-26 में सदाशिव नगर में आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को पोलियों की दवाई पिलाई गई। आंगनबाड़ी केंद्र पर नगर निगम सभापति रवि जैन ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान आंगनबाड़ी ककेंद्र को सुसज्जित किया गया था। पल्स पोलियो अभियान से संबधी रंगोली भी बनाई गई। इस दौरान सीडीपीओ मोहनलाल अहिरवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शर्मिला ठाकुर, कीर्ति दुबे उपस्थित थीं। अभियान के पहले दिन पोलियो की दवा पीने से वंचित रहे बच्चों को अभियान के दूसरे तथा तीसरे दिन 24 और 25 जून को घर -घर दवा पिलाई जाएगी । अभियान के तहत बस स्टेण्ड,रेल्वे स्टेशन, नवनिर्माण स्थलों, ईंट भट्टे,क्रेशर खदान, स्लम बस्ती, झुग्गी-झोपडी व खेत खलिहान , धुमक्कड डेरों तथा आद्योगिक क्षेत्र में भी विशेष रूप से अभियान के अंतर्गत पोलियो की दवा पिलवाने की व्यवस्था की गई है ।



### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हुआ पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागली में पल्स पोलियो अभियान 23 जून 2024 से 25 जून 2024 के अंतर्गत अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ हेमंत पटेल द्वारा जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियों दवाई की खुराक पिलाई गई। इस दौरान डा पटेल ने अभियान के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि विकासखण्ड अंतर्गत 34522 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाए जाने हेतू कूल 403 बूथ बनाये गए है। पहले दिवस सभी दल द्वारा बूथ पर बैठकर दवाई पिलाई जाएगी। अगले दो दिवस घर-घर जाकर दवाई पिलाएगे। इस अवसर खण्ड विस्तार प्रशिक्षक राधेश्याम चौहान, बी.पी.एम. रतनसिंह जामले, बीसीएम यतीन्द्र बैरागी , सुपरवाईजर चित्रा कौशल, संदीप सिसोदिया, अनिल जोशी, बालमुकुद नागर, संजय जोशी , स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रेम वास्केल, रिंकु भार्गव बूल की दल सदस्य क्षमा राठौर, तेजूबाई एवं अन्य समस्त अस्पताल स्टॉप उपस्थित रहा ।

# आकाशीय बिजली गिरने से खेत में दंपती की मौत

**पेड़ के नीचे मिले दोनों के शव**



**चापडा।** शवों के पास विलाप करते परिजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶चापड़ा

शनिवार दोपहर को चापड़ा समीप ग्राम मोखाप्पिल्या में आकाशी बिजली गिरने से एक दंपती की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार देवकरण पिता घीसा मालवीया, शांताबाई पति देवकरण मालवीया शनिवार को अपने खेत पर काम करने गए थे। देवकरण द्वारा 4 से 5 दिन पहले सोयाबीन बोवनी की गई थी। खेत कि मेड के आसपास कुछ जगह रह गई थी, जहां पर सोयाबीन बोवनी करने के लिए दोनों पति-पत्नी खेत पर गए हुए थे। उसी दौरान दोपहर को लगभग 2 बजे क्षेत्र में तेज बारिश हुई। दोनों पति-पत्नी खेत की पर स्थित एक पेड़ के नीचे पानी से बचने के लिए बैठे हुए थे। उसी दौरन आकाशीय बिजली गिरने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घर पर दोनों पति-पत्नी अकेले ही रहते थे। मृतक के दो बेटे हैं जो कि बाहर क्षेत्र में काम करते हैं। देर रात्रि तक घर पर नहीं आने के दौरान मृतक के मोबाइल पर फोन लगाया गया, लेकिन रिसीव नहीं हो रहा था। रात्रि होने के कारण किसी ने ज्यादा ध्यान नहीं दिया। रविवार सुबह जब दंपती की तलाश की गई तो खेत पर दोनों पति-पत्नी मृत अवस्था में पड़े हुए थे। दंपती के शव पूरी रात खेत पर ही पेड़ के नीचे पड़े रहे, जिसकी जानकारी पुलिस चौकी चापडा प्रभारी उपेंद्र नाहर को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका पंचनामा बनाकर पीएम के लिए शासकीय अस्पताल बागली भेजा गया। जहां पर दोनों शवों का पीएम कर शव परिजनों के सुपुर्द किए गए। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया।

### चापड़ा चौराहे पर पिलाई पल्स पोलियो की खुराक



**चापड़ा।** पल्स पोलियों अभियान की शुरुआत रविवार से की गई है। इस दौरान चापडा चौराहे पर स्वास्थ विभाग द्वारा बनाए गए केंद्र पर जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को आशा कार्यकर्ता किरण त्रिवेदी व्दारा पल्स पोलियों दवाई की खुराक पिलाई गई। यहां पर यात्री बसों एवं अन्य बाहर से आने वाले ऐसे बच्चे जिन्हें खुराक नहीं पिलाई गई थी,उन बच्चों को भी खुराक पिलाई गई। नगर अन्य स्थानों पर भी पोलियों की खुराक पिलाई गई।

# जिला मुख्यालय के सात परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई राज्य सेवा और वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 का आयोजन देवास जिला मुख्यालय पर 7 परीक्षा केंद्रों पर किया गया।

देवास जिला मुख्यालय पर आयोजित राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा का कलेक्टर गुप्ता ने परीक्षा केंद्र सरस्वती विद्या मंदिर विजयनगर, ज्ञान सागर ऐकडमी श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर, शांति बाल निकेतन हायर सेकण्डरी स्कूल, महारानी पुष्पराजे पवार कन्या शासकीय महाविद्यालय में जाकर निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। देवास जिले में राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 में 1940 परीक्षार्थी शामिल होने थे। जिसमें प्रथम प्रथम प्रश्न पत्र में 1440 परीक्षार्थी शामिल हुए और 500 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे तथा दूसरे प्रश्न पत्र में 1421 परीक्षार्थी शामिल हुए और 519 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



जिला मुख्यालय पर देवास में शासकीय के.पी. कॉलेज भोपाल चौराहा, महारानी चिमनाबाई शासकीय कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-2, शांति बाल निकेतन हायर सेकण्डरी स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर विजयनगर, ज्ञान सागर ऐकडमी तथा महारानी पुष्पराजे पवार कन्या शासकीय महाविद्यालय इटावा में परीक्षा क्रेंद बनाया गया।

# पानी बचाना हम सबकी प्राथमिक जरूरतः पवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

देश के अलग अलग हिस्सों से इन दिनों जिस तरह पानी की कमी के समाचार सामने आ रहे है हमें वे बीते दिन याद आते है जब हमारे अपने शहर के लोग भी जल संकट का सामना कर रहे थे। स्व. महाराज साहेब के समय में रेल से देवास के नागरिकों के लिए पानी लाया गया था ये भी सबको याद होगा।

आज फिर समय कि मांग है कि दिनों दिन कम होते पानी और बढ़ती जरूरतों को देखते हुए हम सबको पानी संचय के प्रयासों को प्राथमिकता पर अपनाना होगा। उक्त विचार विधायक गायत्री राजे पवार ने अमृत संचय अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में उपस्थित जिलाधीश ऋषव गुप्ता ने दिल्ली,बैगलोर में पानी की कमी से जूझते लोगों के उदाहरण के साथ यह कहा कि आने वाले समय में पानी की कमी का निदान भी हम सबके पास है । हम बारिश के मौसम में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का उपयोग कर के वर्षा जल संचय करके जिले का जल स्तर बढ़ा सकते है। साथ ही पानी का अपव्यय रोक कर भविष्य को सुरक्षित कर सकते है। कार्यक्रम में महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी,ओम जोशी व राजेश जैन उपस्थित थे।



### जनसंघ के संस्थापक मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप मे मनाई

# बलिदान दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की





हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 23 जून को प्रारंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान का भाजपा जिला द्वारा उक्त अभियान की शुरुआत रविवार से की गई। इस अवसर पर श्री शीलनाथ धूनी मल्हार पर प्रातः 11 बजे समस्त जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर देवास-शाजापुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी व भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल ने डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही जिले में पांचो विधानसभा में पांच लाख पौधे लगाने का लक्ष्य भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने लिया है। इस अवसर पर पौधारोपण की शुरुआत भी की गई और सभी ने एक-एक पौधा भी लगाया। उक्त कार्यक्रम में महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला भेरूसिंह अटारिया, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, रायसिंह सेंधव, सुभाष शर्मा, रवि जैन, अजीत भल्ला, भेरूसिंह अटारिया, दुर्गेश अग्रवाल, शरद पाचुनकर, मनीष सोलंकी, पंकज वर्मा, जितेंद्र सेंधव, गणेश पटेल, सचिन जोशी, विजय सिंह जनोयखेड़ी, अजय तोमर, ओम जोशी, भारतसिंह पटलावदा, कुलदीप पटेल, सोहन सिंह चौहान, राहुल गोस्वामी, गणेश पटेल नावदा, सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौधरी ने दी।

### जनसंघ के संस्थापक का बलिदान दिवस वार्ड 12 में मनाया

महान शिक्षाविद प्रखर राष्ट्रवादी विचारक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून को भारतीय जनता पार्टी द्वारा बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। इसी के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष विकास प्राधिकरण राजेश यादव, कमल निगम, रवि नागर, अशोक पोरवाल, नितिन शेलके, मीना भावलकर, शिवम वर्मा, अमन राणा, सुमित वर्मा, सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बलिदान दिवस के रूप में मनाई

भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार देवास विधानसभा में जनसंघ के संस्थापक, पितृपुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। मुखर्जी नगर स्थित डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उनके द्वारा किए गए कार्यों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, भरत चौधरी, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, रायसिंह सेंधव, ओम जोशी, मनीष सोलंकी, जुगनू गोस्वामी, मिलिंद सोलंकी, गणेश पटेल, मंडल अध्यक्ष सचिन जोशी, महामंत्री नवीन सिंह सोलंकी, विमल शर्मा, राहुल दायमा, नयन कानूनगो, पार्षदगण पप्पु जोशी, अजबसिंह सेंधव, राजा अकोदिया, जुबेर लाला, अंकित शर्मा, भरत व्यास, अशोक झीनीवाल, हिमांशु राजोले, अमित विजयवर्गीय, हेमेंद्र जादौन, अर्जुन चौधरी, संजय राखे, राकेश ठक्कर, कालूराम मेवाडा, कुणाल जोशी, अशोक पोरवा, गुणपाल पंवार संकेत राय, रामगोपाल गुप्ता, राजू पहाडिय़ा, ओम जयसवाल, संतोष कुमावत, पुष्पलता सोनगरा आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सॉफ्टटेनिस टूर्नामेंट में मीणा व तिवारी ने जीता कांस्य पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

मध्यप्रदेश सॉफ्टटेनिस संघ के सचिव विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते ने बताया कि कोरिया में 18 से 23 जून तक खेली गई इंचियोन कोरिया कप अंतरराष्ट्रीय सॉफ्टटेनिस टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए देवास के खिलाड़ी जय मीणा एवं आध्या तिवारी ने मिक्स डबल्स में जापान से हुए संघर्षपूर्ण सेमीफाइनल मुकाबले में परास्त होकर कांस्य पदक जीता। भारतीय टीम के कोच गौरव कदम थे। खिलाडियों के कांस्य पदक जीतने पर प्रदेश सॉफ्टटेनिस संघ की अध्यक्ष गौरीसिंह, सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी, जिला पंचायत सी ई ओ हिमांशु प्रजापति, उपाध्यक्ष डॉ समीरा नईम, राधेश्याम सोलंकी, दे वि प्रा के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव, श्रीकांत उपाध्याय, जिला सॉफ्टटेनिस संघ के अध्यक्ष महेश चौहान, एस एन नामदेव, अभिमन्यु यादव, मनीष जायसवाल,प्रीति पवार,कमल ठाकुर, विपुल चौहान आदि बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय में मनाया विश्व योग दिवस



आष्टा। शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालयमें विश्व योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नीलेश खंडेलवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पलता मिश्रा ने सभी लोगों को योग दिवस की शुभकामनाएं दी तथा बताया कि इस वर्ष योग दिवस की थीम महिला सशक्तिकरण के लिये योग है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा योग के महत्व को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2015 से प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में योग के महत्व से हम सभी परिचित है। योग केवल आध्यात्मिक उन्नति के लिये ही नहीं बल्कि शारीरिक एवं मानसिक उन्नति के लिए भी आवश्यक महत्वपूर्ण घटक है। इसे हम जीने की कला कि रूप में समझ सकते है। योग एक विद्या है जो भारत भूमि की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज विश्व के कई देशों ने अपनाया है। योग समस्त मोक्ष साधनाओं में सर्वश्रेष्ठ व सरल साधना है। सामान्य लोग आसन एवं प्राणायाम को ही योग समझते है लेकिन योग का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक है। योग हमें इस नश्वर संसार की नकारात्मकताओं से दूर ले जाकर परमात्मा से साक्षात्कार करवाता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिये योग को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी डॉ. ललिता राय, डॉ. दीपेश पाठक, राजेश्वर भूतिया, जगदीश नागले, रूपकिशोर शर्मा, सतेन्द्र सक्सेना एवं स्टाफ के अन्य सदस्य एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

### सीएम राइज विद्यालय में हुई योग की क्रियाए

आष्टा। लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल के पत्रानुसार विकासखण्ड स्तरीय दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन दिनांक 21 जून 2024 को सी.एम. राइज शासकीय उत्कृष्ट उमावि आष्टा में किया गया। आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024 के लिए 'स्वयं एवं समाज के लिए योग' थीम निर्धारित की गई है। क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर योग कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में तहसीलदार पंकज पवैया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, प्राचार्य सी एम राइज सितवत खान, विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत,थाना प्रभारी रविंद्र यादव,मंडी सचिव प्रवीणा चौधरी, मंडल संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग संजय त्रिवेदी, मॉडल स्कूल प्राचार्य सी.एल. पेठारी, आयुष विभाग से डॉ शाइनी अंजुम, आंगनवाड़ी, आशा एवं उषा कार्यकर्ता भी उपस्थित रही। योग कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने बताया कि प्रतिदिन योग करने से मन एवं शरीर स्वस्थ्य रहता है। शासन द्वारा योग को प्रोत्साहित किया जा रहा है और इसकी अंतर्राष्ट्रीय मान्यता भी मिल रही है।

### लगातार बारिश होने के आसार, किसान बोवनी की तैयारी में जुटे

# बदला मौसम का मिजाजः बारिश हुई लोगों को गर्मी से मिल गई राहत

**बरसात का मौसम लगभग शुरू हो गया है। अंचल में बारिश का दोर शुरू होने के साथ ही अब गर्मी से भी लोगों को राहत मिल रही है, वही बारिश शुरू होते ही किसान भी बोवनी में जुट गए है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा सहित ग्रामीण अंचल में तेज बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली, वहीं क्षेत्र में कई जगह सड़कों पर जलभराव हो गया। बता दें कि लगातार पड़ रही गर्मी और उमस से क्षेत्र के लोग परेशान थे। वहीं शुक्रवार को सुबह 5 बजे से 7 के बीच मानसून की पहली बारिश शुरू हुई। करीब 2 घंटे तक हुई तेज बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। वहीं लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली।

#### चोक हुआ अलीपुर का नाला

शहर के अलीपुर क्षेत्र के लोगों ने बताया कि नाले के चौक होने की सूचना नगर पालिका अध्यक्ष को आवेदन देकर दी थी। लेकिन अभी तक नाले की सफाई नहीं की गई, जिस कारण शुक्रवार को हुई बारिश के बाद नाला चौक हो गया।

#### सड़कों पर बहने लगा गंदा पानी

शनिवार को हुई बारिश से नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की भी पोल खुल गई। नगर पालिका कई दिनों से नाले नालियों की सफाई कर रही थी, लेकिन पहली बारिश में ही कई क्षेत्रों में नाले नालियों का पानी सड़कों पर बहने लगा है।

#### इन क्षेत्रों में ज्यादा परेशानी

सबसे ज्यादा परेशानी बुधवारा के लोगों को उठानी पड़ रही है। यहां बारिश के बाद नालियों का गंदा पानी और कचरा सड़कों पर आ गया। इधर कन्नौद रोड पर भोपाल नाका से कॉलोनी चौराहा तक के दोनों नाले भी चौक होने के चलते बजरंग कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में मालवा, गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा। इससे आने जाने वाले लोगों परेशान हुए। मामले में नगर पालिका के सीएमओ राजेश सक्सेना ने कहा कि बारिश में शहर के नाले नालियों की लगातार सफाई की जा रही है। जहां भी जानकारी मिलती है तुरंत नाले नालियों की सफाई की जाती है।



## आवारा जानवर बच्चों और वृद्धों पर कर रहे हमला

### जगह-जगह नजर आ रहे झुंड



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में आवारा कुत्तों की संख्या दिन -प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। जिस पर लंबे समय से ध्यान न देने का असर हुआ है कि नगर में सड़कों पर हर जगह आवारा कुत्तों के झुंड ही देखने को मिलते हैं। जो राह चलते राहगीरों के लिए दहशत बने हुए हैं और आए दिन कुत्तों के काटने के मामले जानकारी में आ रहे हैं।आम नागरिकों पर हमला करने के लिए लपकने के मामले बढ़ते ही दिखाई दे रहे हैं। नगर के लोग लंबे समय से आवारा कुत्तों की समस्या से समाधान की मांग करते आए हैं। जिसे देखते हुए नगर में एनिमल बर्थ यूनिट शीघ्र शुरू की जाना चाहिए।नगर का हर दूसरा व्यक्ति आवारा कुत्तों की समस्या से परेशान है। नगर में आवारा कुत्तों का मुद्दा बहस का कोई नया विषय नहीं है, लेकिन कुछ दिन पहले नगर में एक मुख्य बाजार में एक मासूम बच्ची पर हमले का वीडियो वायरल हो रहा है। देश में आवारा कुत्तों के हमलों की संख्या दुनिया में सबसे ज्यादा है ।साथ ही रैबीज से होने वाली मौतों के मामले भी सबसे ज्यादा है। आवारा कुत्तों के हमलों की कई घटनाओं ने आवारा कुत्तों के खिलाफ लोगो मे आक्रोश पैदा कर दिया है। जिन्हे अब एक खतरनाक और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा माना जाने लगा है।हिंसक और आक्रामक प्रवृत्ति वाले कुत्तों की पहचान की जानी चाहिए और उन्हें पकड़ा जाना चाहिए तथा टीका लगाया जाना चाहिए और नगर से दूर छोड़ दिया जाना चाहिए।नगर पालिका एवं पशु चिकित्सा विभाग की लापरवाही कही नागरिकों पर भारी न पड़ जाए अब स्कूल भी खुल गए हैं।

## महामंडलेश्वर अजय पुरोहित को जगद्गुरु की उपाधि मिलने पर किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



महामण्डलेश्वर अजय पुरोहित को जगद्गुरु की उपाधि मिलने पर आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने निज निवास पर पहुंच कर गुरुदेव का स्वागत किया। महामण्डलेश्वर अजय पुरोहित को जगद्गुरु की उपाधि मिलने पर आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने निज निवास पर पहुँच कर गुरुदेव का स्वागत किया। साथ में संजय धारवॉ,वर्षा धारवॉ, उत्थान धारवॉ, सुषमा जायसवाल उपस्थित थे। महासभा के अध्यक्ष आचार्य उदय मिश्रा की अनुशंसा पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदगुरु गोपेश्वर चैतन्य महाराज ने पंडित पुरोहित को जगदगुरु पद के लिए नाम की घोषणा की है। पंडित श्री पुरोहित की जगद्गुरु के रूप में अभिषेक का आयोजन प्रयागराज महाकुंभ 2025 में किया जाएगा, अनुष्ठान में देशभर से संत महात्मा उपस्थित होंगे। प्रेसवार्ता के दौरान नव घोषित हुए जगद गुरु पंडित श्री पुरोहित ने कहा कि सार्वभौम सनातन धर्म महासभा की ओर से हिंदू आचार संहिता को बनाने का कार्य किया जा रहा है, इसे बनाने में श्रीमद्भागवद गीता, रामायण, महाभारत, पुराणों, मनु स्मृति, पराशर स्मृति, देवल स्मृति की भी मदद ली जाएगी। प्रयागराज महाकुंभ 2025 में बड़े स्तर पर आयोजन की तैयारियां की जा रही है। उन्होंने कहा कि देश में जगदगुरु का पद बहुत ही सम्मान की बात होता है, जगद गुरु को पूरे देश में राष्ट्रीय अतिथि के रूप में मिलता है। उन्होंने अपनी आगामी रुपरेखा के बारे में संक्षिप्त से बताते हुए कहा कि हिन्दु धर्म और सनातन मजबूत हो इसके लिए आचार संहित निर्धारित की जाएगी।

## योग को अपनाने का लो संकल्प, स्वस्थ रहने का यही है सबसे अच्छा विकल्पः रामनरेश यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति आष्टा के अध्यक्ष प्रथम जिला न्यायाधीश शिप्रा पटेल के द्वारा न्यायालय प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। वर्ष 2024 में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग विषय इस प्राचीन अभ्यास के सार को दर्शाता है। योग दिवस के अवसर पर वरिष्ठ योग शिक्षक योगी राम नरेश यादव द्वारा उपस्थित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण को योगाभ्यास कराया गया तथा योगी रामनरेश यादव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए बताया गया कि योग कर्मसु कौशलम अर्थात योग से कर्मों में कुशलता आती है। व्यावहारिक स्तर पर योग शरीर मन और भावनाओं में संतुलन और सामंजस्य स्थापित करने का एक साधन है। योग के आठ अंगों को अष्टांग कहते हैं जिससे आठों आयामों का अभ्यास एक साथ किया जाता है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, धारणा, ध्यान, प्रत्याहार, समाधि के योग के आठ अंग माना जाता है। योग में प्राणायाम का विशेष महत्व है। प्राण का अर्थ जीवन शक्ति एवं आयाम का अर्थ ऊर्जा पर नियंत्रण होता है। अर्थात श्वास लेने संबंधी कुछ विशेष तकनीकों द्वारा जब प्राण पर नियंत्रण किया जाता है तो उसे प्राणायाम कहते हैं। प्राणायाम के तीन प्रकार होते हैं- अनुलोम विलोम, कपालभाति और भ्रामरी प्राणायाम। इस अवसर पर न्यायाधीशगण में उमेश पटेल, ऋचा शर्मा, एमएनएच रजवी, अधिवक्ता धीरज धारवां, कुलदीप शर्मा अधिवक्ता एवं समस्त न्यायालयीन कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## शिक्षण और संस्कार शिविर का हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सभी लोगों को चाहिए कि वे भक्ति भाव सहित धर्म आराधना करें, जिससे उनके पापों का क्षय होगा और पुण्य अर्जित होगा। संसार के सुखों की चाहत नहीं रखें जितना अधिक हो सके धर्म - ध्यान करें। आत्मा कर्मों से मुक्त होकर ही सुखी हो सकती है।

योग के माध्यम से रोग दूर किए जा सकते हैं। शुक्रवार 21 जून को सुबह 7 बजे से 8 बजे तक एक घंटे मंदिर परिसर में योग सिखाया जाएगा। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर 14 जून से शुरू हुए मुनिश्री भूतबलि सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर को संबोधित करते हुए बाल ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी ने कहीं। आपके पावन सनिध्य में सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं द्वारा इस धार्मिक शिविर के माध्यम से धर्म लाभ लिया जा रहा हैं । शिविर की जानकारी समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने देते हुए बताया कि बाल ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी वाले ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति व्यवस्थित काम करेगा तो सब कुछ ठीक हो जाएगा। धर्म करने से पापों का क्षय हो जाता है। शिवराज सिंह चौहान ने स्वयं के दम पर अपनी छवि बनाई। प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से हटाया, लेकिन उन्होंने लोकसभा चुनाव में कड़ी मेहनत प्रदेश के साथ अन्य प्रांतों में की, इसलिए नरेंद्र मोदी ने उन्हें केंद्र में मंत्री बनाया। देश में आज व्यापारियों के धंधे आधे रह गए हैं, केंद्र सरकार की कुछ नीतियों के कारण। धर्म पुरुषार्थ करें, संसार के सुखों की चाहत न रखें। हम आत्मा है,शरीर नहीं। संजय भैय्या ने कहा हम आत्मा के लिए पुरुषार्थ व पुण्य अर्जन करते हैं। आत्मा छोटी बड़ी नहीं होती है। आत्मा अविनाशी है इसका कभी भी अस्तित्व समाप्त नहीं होता है। आत्मा कर्मों से मुक्त होकर सुखी हो सकती है। शरीर प्रमाण है, हमारे पास शक्ति है।हम ज्ञान बढ़ाना चाहें तो बहुत ज्ञान बढ़ा सकते हैं। कुछ लोग ज्ञान के बल पर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं,जो ठीक नहीं है। ज्ञान का सही उपयोग करना चाहिए।चिंता मणि की प्राप्ति कर सकते हैं, आत्मा से परमात्मा बन सकतें हैं। सभी मोक्ष जाना चाहते हैं, लेकिन कर्म ऐसे नहीं कर रहे हैं।

## मंदिर परिसर में हुए बोर खनन से राहगीर और भक्तों को पेयजल संकट से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पूर्विया भारती समाज द्वारा नवनिर्मित संत श्री शिरोमणि रविदास जी महाराज के मंदिर मे हर साल भंडारे के साथ-साथ सामाजिक कार्यक्रम होते रहते हैं। इन कार्यक्रमों के लिए पेयजल की समस्या बनी रहती थी।

मजबूरी में पानी के टैंकर मंगवाए जाते हैं। इसी कमी को देखकर संत श्री शिरोमणि रविदास महाराज मंदिर परिसर में स्थानीय जनपद सदस्य प्रीति जयसिंह भारती के आग्रह पर पीएचई विभाग द्वारा बोर खनन किया गया। जिसमें 25 फीट से पानी स्टार्ट हुआ और 400 फीट तक भरपूर पानी निकला।

जिससे समिति के सभी सदस्य और अध्यक्ष मूलचंद भारती संत श्री शिरोमणि रविदास जी महाराज का नारा दोहराया कि मन चंगा तो कटौती में गंगा। इस उपलक्ष पर समिति सदस्य द्वारा मिठाइयां बांटी गई। इस दौरान समिति सदस्य में भागीरथ भारती, कमल सिंह सरपंच, हरि सिंह भारती, मांगीलाल भारती, प्रेम नारायण सुतारिया आदि उपस्थित थे।

### श्रद्धालुओं का अखंड श्री वैष्णव बैरागी समाज ने किया स्वागत

# रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहे हैं श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



महानगर इन्दौर से पधारे अतिथि जैसे सामूहिक विवाह सम्मेलन अध्यक्ष सतीश शर्मा, युवा संगठन अध्यक्ष रोहित शर्मा, प्रचार मंत्री श्याम दास बैरागी, संतोष बैरागी इन्दौर, सत्यनारायण बैरागी धार, जनार्दन बैरागी धार, नारायण बैरागी इन्दोर जो ओंकारेश्वर,कुबेरेश्वर धाम,काशी विश्वनाथ, बागेश्वर धाम के उपरान्त भगवान राम लला के दर्शन उपरान्त भव्य सुन्दरकाण्ड का पाठ करेंगे। सभी आगंतुकों का अखंड श्री वैष्णव बैरागी समाज आष्टा ने तिलक, माला, आत्मीय भाव से किया स्वागत वंदन अभिनन्दन किया। इस अवसर पर अखंड श्री वैष्णव बैरागी समाज आष्टा के संयोजक डा दुर्गा दास बैरागी खाचरोद, महंत नर्मदा दास बैरागी, बालू बैरागी आष्टा, संयोजक राम दास बैरागी अरनिया राम, महंत बाबू दास बैरागी नर्पाखेडी, महंत अधिकारी हरि दास बैरागी मुगली, तहसील अध्यक्ष मुकेश बैरागी, संयोजक ओम बैरागी, संयोजक ललित बैरागी पटवारी, वरिष्ठ समाजसेवी लखन बैरागी शिक्षक, संरक्षक कमल बैरागी शोभाखेडी, संयोजक निर्मल बैरागी, शत्रुघ्न दास बैरागी, रामानंदाचार्य जयंती अध्यक्ष दिनेश बैरागी, संयोजक कन्हैया बैरागी आष्टा, सेवा संघ जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ निलिमा बैरागी, नगर अध्यक्ष मनोहर बैरागी तहसील युवा अध्यक्ष कृष्ण दास बैरागी, कोषाध्यक्ष संतोष वैष्णव, उपाध्यक्ष राजेश बैरागी, विनोद बैरागी, महेश बैरागी आष्टा उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र बैरागी हरनावदा, विष्णु दास बैरागी बागेर, धर्मेन्द्र बैरागी झरखेडी, तहसील उपाध्यक्ष राहुल बैरागी सिद्दीकगंज, पुजारी संघ अध्यक्ष विष्णु दास बैरागी, नगर सचिव रवीन्द्र वैष्णव, तहसील युवा उपाध्यक्ष पवन बैरागी, सुनील बैरागी मुगली, युवा उपाध्यक्ष राहुल बैरागी मुगली रोड, राजेन्द्र बैरागी सिद्दीकगंज,भविष्य वैष्णव अन्य सामाजिक बन्धु उपस्थित हुए।

## पंचेंद्रिय के विषय भोग हर सिथित में सदा ही दुखकर होते : संजय भैया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



दिव्योदय अतिशय जैन तीर्थ किला पर चल रहे आध्यत्मिक ज्ञानार्जन शिविर के सातवें दिन रचयित महान ग्रन्थ इस्टोपदेश की वाचना के तहत ब्रम्हचारी संजय भैया पठारी ने कहते हुए बताया कि पंचेन्द्रीय के विषय भोग हर स्थिति में दुखकर ही होते है,कष्टकर होते हे।

जैसे जैसे यह विषय भोग हमे प्राप्त होते जाते है उनमें हमारी आशक्ति बढ़ती जाती है। एक एक इन्द्रिय में रम कर व्यक्ति अपना सम्पूर्ण जीवन समाप्त कर देता है। ओर मरण हो जाता है, व्यक्ति का मन सबसे ज्यादा खतरनाक होता है। मन की भूख कभी पूरी नही होती है। मोक्ष में आकुलता नही होती है। इक्षाएं जितनी ज्यादा होगी उतनीजिन कार्यो से आत्मा का भला होता है उनसे शरीर का भला नही होताजिनसे शरीरी का भला होता हो उनसे आत्मा का भला नही होता ध्यान चार प्रकार का बतलाया गया है आर्त ध्यान, रौद्र ध्यान,धर्म ध्यान,शुक्ल ध्यान धर्म ध्यान से ही चिंतामणी रत्न की प्राप्ति हो सकती है। आत्म कल्याण की भावना रखते है तो आप चिंतामणि रत्न की ओर आगे बढ़ रहे है यदि सन्सार की ओर ध्यान है। आकांछा है तो खली का टुकड़ा प्राप्त करने की ओर है हमारा ध्येय होना चाहिए कि जो कि उचित नही है। उसे ग्रहण नहीं करेबुद्धिमान को चिनतामणि रत्न को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए।

टोल नाके से लालगढ़ तक 1 किमी दायरे के अधिकांश पोल हल्की सी आंधी में झुके

# घटिया बेस के चलते सप्लाई के पूर्व ही टेड़े हुए विद्युत पोल

विद्युत विभाग के सुपुर्द होने के पहले ही यह है हालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विद्युत वितरण कंपनी एवं उसके विद्युत ठेकेदारों की लापरवाही के चलते भविष्य में बड़ी जनहानियां हो सकती हैं। कंपनी द्वारा बिजली ठेकेदार के मार्फत हाईवे के किनारे-किनारे डलवाई जा रही लाइन के लिए बिजली पोलों को जमीन में लगाने का काम इतना घटिया है कि पिछले दिनों चली हल्की आंधी के कारण ही सभी पोल टेड़े हो चुके हैं। बिजली विभाग द्वारा टोल नाके से लेकर लालगढ़ ग्रिड तक नई लाइन बिछाने का काम करवाया जा रहा है। इसके लिए बिजली ठेकेदार ने बेस में गुणवत्तापूर्ण सीमेंट-कांक्रीट मटेरियल का इस्तेमाल ही ठीक तरीके से नहीं किया।

यही कारण है कि आंधी के कारण निर्माण के दौरान ही अधिकांश बिजली पोल टेड़े होकर जमीन की तरफ झुक चुके हैं। यदि, मटेरियल अच्छी क्वालिटी का इस्तेमाल किया जाता तो इस तरह की नौबत नहीं आती। यहां यह भी बतादें कि संबंधित ठेकेदार ने अभी तक बिजली विभाग के सुपुर्द भी नहीं किया है या दूसरे शब्दों में काम अभी चल ही रहा है और यह लापरवाही सामने आ चुकी है। इस तरह की लापरवाहियां भविष्य में बड़े हादसों का कारण बन सकती हैं। कुछ पोल तो टेड़े होकर आसपास निवासरत लोगों के घरों के टीनशेड तक को टच कर दिया है।



## विद्युत विभाग ने स्टीमेट गलत बनवाया

विद्युत पोलों को लगाने का काम कर रहे ठेकेदार को भी इस लापरवाही के लिए पूरी तरह दोषी नहीं कहा जा सकता है। दरअसल, इसमें विद्युत विभाग के अधिकारियों की अनदेखी साफ जाहिर हो रही है। पोल गाड़ने के कार्य के लिए बनाए गए स्टीमेट में ही विद्युत पोल स्थापित करने हेतु सीमेंट-कांक्रीट मटेरियल बेस में डालना शामिल नहीं है। ऐसे में ठेकेदार अपने हिसाब से किसी तरह इन पोलों को जमीन में गाड़ रहे हैं। इसकी गुणवत्ता पहले ही बारिश और आंधी-तूफान में सामने आ चुकी है।

### एक नहीं बल्कि अनेकों पोल हो चुके हैं टेड़े

लापरवाही का आलम सिर्फ एक विद्युत पोल के टेड़े होने तक सीमित नहीं है। टोल प्लाजा से लेकर लालगढ़ तक के करीब डेढ़ किमी तक बिछाए गए पोलों में से अधिकांष पोल इसी तरह टेड़े हो चुके हैं।

### इनका कहना है...

ठेकेदार को इन पोलों के बेस में बोल्डर वगैरह डालकर अच्छा काम करने कहा है। बेस में सीमेंट-कांक्रीट डाला जाना स्टीमेट में शामिल नहीं है।

- रवि बड़ोले, कनिष्ठ यंत्री, राजगढ़-ग्रामीण डीसी, संभाग राजगढ़

# नया पुल प्रस्तावित, इसलिए खरला पुल की नहीं ले रहे सुध

बमबम आश्रम के नजदीक इस पुल पर हो चुके हैं अनेकों गड्ढे



**राजगढ़।** शहर की पुरानी दूध डेयरी के नजदीक बमबम आश्रम के ठीक पास स्थित खरला नाला पुलिया की हालत बद से बदहाल हो चुकी है। पुलिया पर अनेकों गड्ढे होने से वाहन चालकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों में बारिश का पानी भराने से बाइक चालक आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। इसके साथ ही पैदल राहगीरों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खरला नाले का यह पुल राजगढ़ शहर को पुराने बस स्टैंड, पुरा क्षेत्र, जिला अस्पताल, इंदिरा कॉलोनी, रामलीला कॉलोनी, उत्कृष्ट विद्यालय व अनेकों स्थानों से जोड़ता है। ऐसे में इस पुलिया से प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों का आवाजाही होती है। सुबह से शाम तक करीब 2 हजार से अधिक बाइकों का आना-जाना इसी पुलिया से होता है। पुलिया की खस्ताहालत के चलते लोग परेशानियां उठा रहे हैं पर नगर पालिका इसकी रिपेयरिंग की तरफ तनिक भी ध्यान नहीं दे रही है।

### तीन साल से नया पुल बनना प्रस्तावित

*खरला नाले के इस पुल के पेरेलर एक नवीन पुल बनना प्रस्तावित है जिसका बजट आने के साथ ही पूर्व में एक ठेकेदार को काम भी सौंपा जा चुका था। इस बात को तीन साल हो चुके हैं लेकिन नवीन पुलिया निर्माण को जल्द करवाने के प्रति नपा के जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। नई पुलिया बाद में बने पर तब तक कमसकम इस पुलिय की रिपेयरिंग तो करवाई ही जा सकती है। स्थानीय लोगों ने नपाध्यक्ष विनोद साहू से इस ओर ध्यान दिए जाने की मांग की है।*




**ब्यावरा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शहर के प्रोग्रेसिव हाइट्स आईसीएससी स्कूल के विद्यार्थियों ने योग किया।

रात्रि में पहाड़ी के घुमावों पर हादसों का है खतरा

# जालपा पहाड़ी की स्ट्रीट लाइटें एक हफ्ते पड़ी बंद



**राजगढ़।** क्षेत्र के प्रसिद्ध जालपा धाम शक्तिपीठ पर हाईवे से लेकर ऊपर मंदिर तक की सभी स्ट्रीट लाइटें या सड़क बत्तियां बीते करीब एक हफ्ते से खराब पड़ी हुई हैं। ऐसे में रात्रि के समय पूरी पहाड़ी पर अंधूरा पसरा रहता है। रात के समय कार या अन्य वाहनों से दर्षन करने आने वाले श्रृद्धालुओं को अंधेरे के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सड़कबत्तियों के खराब होने से न केवल श्रृद्धालुओं को परेशानी हो रही है बल्कि रात्रि के समय पहाड़ी के अंधे मोड़ों पर हादसों का भी खतरा बना हुआ है। इसके साथ ही पैदल राहगीरों को भी खासी दिक्कते उठानी पड़ रही हैं। इन सड़कबत्तियों को रिपेयर या सुधरवाने के लिए जालपा मंदिर ट्रस्ट प्रबंधन द्वारा भी कोई खास कदम नहीं उठाए गए हैं। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग के जिम्मेदारों से बंद पड़ी सड़कबत्तियों को चालू करवाने की मांग रखी है।

20 दिनों में नगर के विभिन्न मोहल्लों में हुई दर्जनों चोरी की वारदात

# खिलचीपुर में चोरों का आतंक, आमजन असुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

विगत 20 दिनों से रोजाना खिलचीपुर नगर में कभी किसी मोहल्ले में तो कभी किसी कॉलोनी में तो कहीं सोमवारिया में तो कहीं कालाजी बलडी पर चोरी हो रही है। वहीं दिनदहाड़े बस स्टैंड पर मोबाइल छीनना, आदि घटनाएं लगातार हो रही है। यहां तक कि वाहनों से बैटरियां, ट्यूबवेल से मोटरें, विद्युत तार के बंडल तक चोरी हो रहे हैं, बावजूद इसके पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। अर्थात चोरों को पकड़ने में असफल है।

### 20 दिनों के अंतराल में कहां-कहां हुई चोरियां

एक जून को आठ घरों में हुई चोरी जिसमे 2 घरों में हुई लाखो की चोरी जिसमे 6 घरों के ताले तोड़े गोविंद धाम,गायत्री कॉलोनी, रानी बाग। 8 जून को रामसिंह तंवर सोमवरिया करीब एक लाख से ऊपर की चोरी 17 जून को जल मंदिर के सामने स्थित खड़े ट्रैक्टर में से चोरों ने ट्रैक्टर से बैटरी चुरा ली चोर सीसीटीवी कैमरे में साफ दिखाई दे रहा है। 19 जून को श्याम मालाकार के कुआँ से मोटर और विद्युत केबल चोरी 20 जून को सोमवरिया स्थित माता जी गली बालचंद मोगिया पिता कैलाश चंद मोगिया के घर से 20,500 नगद और चांदी का करदोना और लड़की के सगाई के कपड़े आदि ले गए बालचंद मोगिया ने बताया चोरी रात्रि को लगभग दो-तीन बजे हुई है चोर छत के रास्ते से आए थे रात्रि को हम सभी परिवार सहित सो रहे थे संदूक का ताला तोड़ा और नगदी और कपड़ा अज्ञात चोरों द्वारा चुरा कर ले गए मजदूरी करते हैं।

### इनका कहना...

पुलिस द्वारा टीम गठित कर ली गई है। नगर में जो भी चोरियां हो रही हैं। उसका बहुत जल्दी खुलासा होगा। पुलिस जांच करने में जुटी हुई है।

रघुवीर सिंह धाकड़
थाना प्रभारी खिलचीपुर

# भविष्य से भेंट कार्यक्रम संपन्न



**खुजनेर।** अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुजनेर में मनोहर कुल्हरे सहायक अधीक्षक भू अभिलेख अधिकारी राजगढ़ एवं नगर के वरिष्ठ समाज सेवक लोकतंत्र सेनानी अशोक शर्मा पूर्व शिक्षक की उपस्थिति में भविष्य से भेंट कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व अभिभावक धर्मेंद्र पाठक उपस्थित थे। विद्यालय में नवीन प्रवेश छात्रों को तिलक लगाकर, पुष्पहार पहनाकर, पुस्तक प्रदान कर प्रवेश उत्सव मनाया गया।भविष्य से भेंट प्रेरक के रूप में पधारे मनोहर कुल्हारे सहायक अधीक्षक भू अभिलेख अधिकारी राजगढ़ द्वारा छात्रों को आशीष वचन दिए गए। नगर के वरिष्ठ समाज सेवक एवं लोकतंत्र सेनानी अशोक शर्मा पूर्व शिक्षक द्वारा विद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति के बारे में प्रशंसा व्यक्त की गई। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ललित विश्वकर्मा द्वारा भी प्रेरित उद्बोधन देकर बच्चों को मार्गदर्शन दिया। विद्यालय के शिक्षक मनोज शर्मा द्वारा गत वर्ष की गतिविधियों का संकलन स्मार्ट बोर्ड द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही शिक्षक मनोहर जायसवाल व आरपी वर्मा द्वारा छात्रों के उज्जवल भविष्य के मंगल कामना की गई। स्वल्पहार के साथ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# पुराने गर्ल्स कॉलेज की जमीन संत रविदास भवन के लिए एलॉट

## कलेक्टर ने जमीन आबंटन को दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पुराने बस स्टैंड स्थित पुराने कन्या महाविद्यालय की रिक्त पड़ी शासकीय जमीन पर बहुत जल्द संत रविदास सामुदायिक भवन एवं कन्या छात्रावास का निर्माण होने वाला है। कलेक्टर राजगढ़ ने उक्त भूमि सर्वे क्रमांक 315/2 में से 1 हेक्टेयर जमीन आदिम जाति कल्याण विभाग को एलॉट कर दी है।

पार्षद प्रतिनिधि संदीप कटारिया ने बताया कि उक्त स्थान पर बेजा कब्जों और अतिक्रमण भी डर बना हुआ है। ऐसे में संत रविदास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु जमीन की मांग काफी समय से समाजजनों द्वारा की जा रही है। काफी प्रक्रियाओं के बाद अंततः प्रशासन ने अब इसकी स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही सामुदायिक भवन निर्माण के लिए शासन द्वारा बजट आबंटन के साथ ही राशि भी जारी की जा चुकी है। अगर सबकुछ ठीकठाक रहा तो बहुत जल्द विभाग यहां कार्य शुरू करवा सकता है।

### बेशकीमती है यह जगह

उल्लेखनीय है कि प्रषासन द्वारा रविदासजी के भवन व छात्रावास के लिए जो स्थान आबंटित किया गया है वह जमीन काफी बेशकीमती है। पूर्व में यहां कन्या महाविद्यालय लगा करता था जो सालों पहले बंद किया जा चुका है। ऐसे में अब इस लावारिस स्थान पर लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन, यहां निर्माण कार्य हो जाने के बाद बेजा कब्जे, अतिक्रमण का भय खत्म हो जाएगा।

# ब्राह्मण गांव सरपंच संपतबाई दांगी का निधन



**माचलपुर।** पीपल्या कुल्मी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जगदीश दांगी की धर्मपत्नी एवं ब्राह्मण गांव सरपंच संपतबाई दांगी का निधन हो गया। लंबे समय तक ब्राह्मण गांव पंचायत की सरपंच रही संपतबाई दांगी वर्तमान में भी सरपंच पद पर थीं। वे काफी दिनों से बीमार थी, इंदौर के बाद उन्हें इलाज के लिए दिल्ली भी ले जाया गया लेकिन दो दिन बाद ही उनका निधन हो गया। शनिवार को उनकी पार्थिव देह ब्राह्मण गांव लाई गई जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। सरपंच संपतबाई दांगी की शवयात्रा में अनेक सरपंच, जनप्रतिनिधि, जीरापुर जनपद पंचायत के कर्मचारी, शिक्षक गणों सहित गणमान्य नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सरपंच संपतबाई दांगी की अंत्येष्टि में उनके पुत्र राजेश दांगी द्वारा मुखाग्नि दी गई। गांव में अनेक लोगों द्वारा शोक स्वरूप अपनी अपनी दुकानें बंद रखकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की गई।

कलेक्ट्रेट पहुंचे अनेकों कृषक व भूमि मालिक

# हेक्टेयर की बजाय वर्गमीटर से मुआवजा देने की रखी मांग



**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग 752बी एवं 752सी के तहत जीरापुर में बाइपास का निर्माण करवाया जा रहा है। इसके लिए प्रशासन द्वारा भूमियों का अधिगृहण किया गया। जमीन मालिकों का कहना है कि पूर्व एसडीएम द्वारा वर्गमीटर से जमीन का अधिग्रहण न करते हुए हेक्टेयर के मान से किया गया है जो कि नियम विरुद्ध है।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे लोगों ने बताया कि खिलचीपुर के बाइपास निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण में प्रथम 300 वर्गमीटर का मूल्यांकन 3400/3600 वर्गमीटर की दर से बाजार मूल्य की गणना गाइड लाइन अनुसार की गई था। जीरापुर में कृषकों की गणना करने में बाजार मूल्य प्रथम 300 वर्गमीटर 9200 रुपए लागू होती है। इसके अनुसार गणना न करते हुए हेक्टेयर के हिसाब से गणना की गई है। आरोप है कि एक ही अनुभाग के मुआवजा प्रकरण में दोपहरे मापदंड अधिकारियों लगाए गए हैं। यह विसंगति दूर करते हुए भूमिस्वामियों का प्रथम 300 मीटर कलेक्टर गाईडलाईन से मुआवजे का वितरण करवाया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने आए लोगों में मुरलीधर, पूरीलाल, कमलसिंह, संजय, प्रभुलाल, कविता, नौरंगबाई, जगदीष, कैलाश, सुमनबाई, कविताबाई, प्रियंका, दिनेश सहित अन्य शामिल थे।

# भगवान कृष्ण की लीलाओं में जीवन की हर परिस्थिति का चित्रण : भागवत आचार्य



**कुरावर।** नगर में तलेन रोड पर वार्ड क्रमांक 10 में महिला मंडल एवं वार्ड वासियों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शुक्रवार शाम को शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक संगीत में श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य पंडित संतोष शर्मा ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं में जीवन की हर परिस्थिति का चित्रण है। उनका जन्म जहां विपरीत परिस्थिति में विपरीत जगह पर काल कोठरी में हुआ था और जब वह मां यशोदा के घर पहुंचे तो वहां पर स्वयं भगवान शंकर उनको देखने के लिए पहुंचे थे उसके बाद गोवर्धन पर्वत को एक उंगली पर उठाना जैसी लीलाओं का चित्रण ठीक उसी प्रकार है। जिस प्रकार मनुष्य के जीवन में बचपन से लेकर वृद्धि होने तक जीवन की हर परिस्थिति निर्मित होती है। जिसमें उसे सुखों से ज्यादा दुखों का सामना करना होता है क्योंकि दुख का सामना करने के बाद ही जीवन में सुख का प्रवेश होता है भगवान श्री कृष्ण ने भी जहां मामा कंस के साथ संघर्ष किया तो वही सामान्य जीवन में व्यधा डालने वाले देत्य राक्षसों से मथुरा गोकुल वृंदावन वासियों की रक्षा भी की भगवान श्री कृष्णा हमें यह प्रेरणा देते हैं कि जीवन की कोई भी परिस्थिति हो यदि हमें परिवार समाज से लड़ना भी पड़े तो उसमें भी हमें संयम एवं शांत भाव रखना होगी। जिससे हम हर परिस्थिति में होने वाली परेशानी से ईश्वर पर विश्वास कर कर आराम से निकल जाएंगे कथा में महिला श्रद्धालु अधिक संख्या में श्रवण करने पहुंच रही है तो वहीं पुरुष एवं नगर की समाजसेवी संस्थाएं भी कथा का आनंद ले रही है। आरती व महाप्रसाद जी का आयोजन भी आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है।

## जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए गए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी शारदा बाई कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सीताराम और प्रियंका कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मदसौर मिल क्षेत्र निवासी सपना पत्नी बादल जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि हेमराज जाटव,प्रिंस जाटव ने उससे मारपीट की। जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुंड मोहल्ला शाढौरा निवासी महेन्द्र राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजू बैरागी और सोनू बैरागी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

कृषकों ने जताया विरोध, स्थगन की भूमि पर कर रहे सीमांकन

# आईटीआई के नाम पर आवंटित भूमि पर सीमांकन कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



आईटीआई भवन के लिए भूमि सीमांकन हुआ। नगर की गौशाला के सामने छापीहेड़ा-जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग के समीप तीन हेक्टर भूमि में औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र आईटीआई भवन का निर्माण होना है।

भू-अभिलेख (कौशल विकास संचनालय) पत्र क्रमांक 320 दिनांक 18-4-2024 के अनुसार कस्बा जीरापुर स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना हेतु शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 1520/ 2/ 1 रकबा 25.443 हेक्टेयर में से तीन हेक्टेयर भूमि आईटीआई संस्थान हेतु आवंटित की गई है। इस भूमि का सीमांकन कार्य 22 जून 2024 शनिवार को किया गया। शासन के पत्र अनुसार सीमांकन करने के उपरांत आईटीआई प्राचार्य को सौंप कर कब्जा रसीद में पंचनामा प्रस्तुत करने की आदेश दिए गए। इस कार्य में आज सीमांकन कार्य किया गया। सीमांकन में जिले अधिकारी से लेकर बड़ी संख्या में राजस्व विभाग एवं पुलिस बल की मौजूदगी में सीमांकन कार्य शुरू हुआ। जिसमें छापीहेड़ा रोड से लेकर बटावदा रोड के मध्य स्थित भूमि का सीमांकन कार्य किया गया। जहां पर अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मेगाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुशील कुमार , एसडीओपी आनन्द राय, तहसीलदार आरपी सिंह,पीडब्ल्यूडी हर्षित चौधरी, आईटीआई प्रिंसीपल हरीसिंह बोराणा,नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़, थाना प्रभारी रामकुमार भगत,सब इंस्पेक्टर अजय यादव, पटवारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। गौर तलब है कि आईटीआई भवन के लिए 1520/2 /1 भूमि अधिग्रहण करने हेतु सीमांकन किया जा रहा था तो सीमांकन को लेकर कृषक नवल सिंह गुर्जर ,गिरिराज टॉक, संजय गुर्जर ,प्रेम सिंह, बलराम टांक मानसिंह, रामबाबू सहित उपस्थित कृषकों ने बताया कि सीमांकन गलत तरीके से किया जा रहा है । पूर्व में जो सीमांकन हुआ वह छापीहेड़ा रोड साइड से लगभग 30 फीट बटावदा रोड साइड पर सीमांकन के दौरान तत्कालीन समय में निशान लगाए गए थे। उक्त भूमि पर स्थगन है न्यायालय के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा। संजय सिंह गुर्जर का कहना सीमांकन में प्रदर्शित नहीं है पूर्व में छापीहेड़ा रोड से लेकर सीमांकन किया था जिसके निशान लगे हुए हैं अब दूसरी दिशा से सीमांकन किया गया।

### इनका कहना है

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के लिए सीमांकन शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 1520/2/1 मे से किया गया है। सीमांकन वाली बात पर उनका कहना है वह भूमि 1522 के अंतर्गत आती है। जिसका कृषकों के पास स्थगन आदेश है उस भूमि पर हमारे द्वारा कोई छेड़छाड़ नहीं की गई।

सुशील कुमार' एसडीएम जीरापुर